तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026



11 पुलिस बल बढ़ाने और ट्रैफिक सिग्नल की...





12 बिजली में मानस यज्ञ शोभायात्रा का शुभारंभ






## खबर संक्षेप





### नगर के प्रथम नवनिर्मित महिला जिम का आज होगा उद्घाटन

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत नगर के सबसे प्राचीन श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति द्वारा नवनिर्मित महिला जीम का उदघाटन एवं श्री महावीर बजरंग अखाड़ा चौक का उदघाटन आज शनिवार शाम 4 बजे होने जा रहा हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता विधायक इन्द्रकुमार साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ,भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजय गोयल, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व उपाध्यक्ष दयालु राम गाड़ा व किशोर देवांगन प्रदेश मंत्री भाजपा, पार्षद जीना-सुजीत निषाद मौजूद रहेंगे।

### सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम तहसील के ग्राम कुम्ही निवासी 74 वर्षीय परस राम साहू का 16 नवम्बर 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन कुमारी बाई साहू को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### आस्था : हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो उठा पूरा क्षेत्र

# पंचकोसी यात्रा की और हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान कोपेश्वर का लिया दर्शन लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आस्था और परंपरा की प्रतीक पंचकोसी यात्रा के तहत शुक्रवार को हजारों श्रद्धालु पंचकोसी धाम की पवित्र नगरी कोपरा पहुंचे। सुबह पैदल यात्रा कर पहुंचे पंचकोसी यात्रियों ने भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सहस्त्र जलाभिषेक किया। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। पंचकोसी यात्री यहां भोजन प्रसादी भी स्वयं बनाते हैं। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार लगभग पांच हजार श्रद्धालु कोपरा पहुंचे। नगर में प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं ने स्थानीय दलदली तालाब में पुण्य स्नान किया, तत्पश्चात मंदिर पहुंचकर भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा संपन्न की। परंपरा के अनुरूप सहस्त्र जलाभिषेक के साथ पंचकोसी यात्रा की धार्मिक विधियों का निर्वहन किया गया। श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर मंदिर समिति और नगरवासियों ने व्यापक इंतजाम किए थे। जगह-जगह स्वागत, ठहराव, जलपान, पेयजल और सुरक्षा की व्यवस्थाएं की गईं, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेवाभाव से जुटे नगरवासियों ने यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया।



### भगवान शिव भक्तों की पूर्ण करते हैं मनोकामनाएं



उल्लेखनीय है कि हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पंचकोसी धाम की यात्रा पर निकलते हैं। मान्यता है कि पंचकोसी यात्रा और भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव के दर्शन से भगवान शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसी आस्था के चलते श्रद्धालु राजिम स्थित कुलेश्वर महादेव के दर्शन कर पंचकोसी यात्रा की शुरुआत करते हैं और पांच धामों के दर्शन करते हुए इस प्राचीन धार्मिक परंपरा का पालन करते हैं। पंचकोसी यात्रा के कोपरा पहुंचते ही पूरा क्षेत्र शिवभक्ति और आस्था के रंग में रंग गया, वहीं श्रद्धालुओं के उत्साह और श्रद्धा ने धार्मिक वातावरण को और भी दिव्य बना दिया।

# मिटती लकीरों के बीच ग्रामीण और बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



देश में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों को इस महंगाई के दौर में उन्हें राहत पहुंचाने के लिए कई सारी योजनाएं आरंभ की है मसलन गैस में सब्सिडी, महतारी वंदन योजना, किसान पोर्टल व राशन कार्ड से निम्न आय वालों को निशुल्क या एक-दो रुपए किलो में चावल तथा सामान्य राशन कार्ड धारियों को दस रुपए प्रति किलो की दर पर चावल दिया जाता है इसके लिये यहां के लोग शासन के प्रति तज्ञता भी जताते हैं, लेकिन इन योजनाओं के लिये अचानक ही शासन द्वारा हर नागरिकों को केवाईसी करवाने के लिए अनिवार्य होता है। इससे यहां के सभी नागरिक हलाकान हो रहे हैं प्रदेश में कुछ समय पूर्व ही शासन द्वारा समस्त एपीएल व बीपीएल राशन कार्डधारियों के लिए केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे यहां का आम नागरिक परेशान व दुःखी है। एक राशन कार्ड में यदि 8 से 10 परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज है, जिसमें छोटे–छोटे बच्चे भी शामिल है, तो सभी को राशन दुकानों में उपस्थित होकर इस प्रक्रिया को करना पड़ रहा है। सबसे अहम बात यह है कि शासन ने कुछ वर्षों पूर्व राशन कार्ड में मुखिया के रूप में महिला को प्राथमिकता दी। इस कारण यहां प्रायः सभी राशन कार्डों में महिला मुखिया के ही नाम दर्ज है, जिससे महिलाओं खासकर बुजुर्ग महिलाओं को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि हर राशन कार्डधारी परिवारों में बहुत से ऐसे परिवार है, जिनके परिवार के बुजुर्गों के हाथों की लकीरें ही मिट गई है ऐसे में उनकी लकीरें उनके पास उपलब्ध आधार कार्ड से मिलान नहीं हो रही है ऐसी स्थिति में ऐसे परिवार क्या करें? इस बात पर छग शासन का स्पष्ट आदेश नहीं है इससे यहां के सैकड़ों परिवार असमंजस की स्थिति में है।

### हाईवा ने बाइक को मारी ठोकर, एक गंभीर



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के आसपास मैनपुर से 12 किलो मीटर दूर गरियाबंद मार्ग में सिकासार के पास तेज रफ्तार हाईवा ने मोटर सायकल चालक को पिछे से टक्कर मारा जिससे एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से मैनपुर लाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं दूसरी मामला में अमलीपदर क्षेत्र में एक बाईक हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सामने से तेजगति से आ रही पीकप साईड देने के प्रयास बाईक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसके सर में गंभीर चोट आई है।




## खबर संक्षेप

### सरकार किसानों का एक-एक बीजा धान खरीदेगी : सोनकर

**राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान मोर्चा के रसायन, उर्वरक एवं बीज प्रकल्प के प्रदेश संयोजक जितेंद्र सोनकर ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस खरीफ सीजन में किसानों का एक-एक बीजा धान खरीद रहे है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की यह नीति किसानों की मेहनत, आत्मसम्मान और आर्थिक मजबूती को सुनिश्चित करने वाली है।



श्री सोनकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं और धान खरीदी को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति या आशंका फैलाने की कोशिशें दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा तय मापदंडों के अनुसार समर्थन मूल्य पर पूरी पारदर्शिता के साथ धान खरीदी की जाएगी और किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं होगी। प्रदेश संयोजक श्री सोनकर ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले भी किसानों से किए गए वादों को निभाया है और आगे भी किसान हित सर्वोपरि रहेंगे। उर्वरक, बीज एवं रसायन की उपलब्धता को लेकर भी सरकार सतर्क है, ताकि किसानों को खेती के हर चरण में सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा लगातार जमीनी स्तर पर किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए किसानों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किसान अब जागरूक हैं और सरकार की नीतियों पर उन्हें पूरा भरोसा है। धान खरीदी की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। श्री सोनकर ने किसानों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सरकार द्वारा घोषित नियमों के अनुसार अपनी उपज बेचे। किसान मोर्चा हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ा है।

### अन्नदाताओं का एक-एक दाना खरीदी करेगी साय सरकार : देवेंद्र

**मैनपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री देवेंद्र ठाकुर ने धान खरीदी के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य के अन्नदाताओं को कोई चिंता करने की आवश्यकता नहीं है उनकी मेहनत के उपज का एक–एक दाना साय सरकार खरीदी करेगी !निर्धारित समय सीमा पर किसी कारण से धान नहीं बेच पाए तो हमारी भाजपा सरकार समय



सीमा बढ़ाने का भी फैसला किसान हित में ले सकती है। धान खरीदी पर कांग्रेस के तरह तरह के आरोप पर जवाब देते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी मुद्दा विहीन है सिर्फ माहौल खराब करने की नाकाम कोशिश में लगे हुए हैं जबकि हमारी सरकार ने पिछली भूपेश बघेल सरकार के धान खरीदी के 92.2 लाख मीट्रिक टन के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अब तक सर्वाधिक 105 लाख मीट्रिक टन खरीदी कर रिकॉर्ड बना चुके हैं इसके पश्चात भी धान खरीदी जारी रहेगी आगे श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल का कारनामा भूल गए हैं क्या जिस कार्यकाल में सॉफ्टवेयर गड़बड़ी कर 37 हजार रकबा शून्य कर दिया गया था और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा प्रदेश किसान परेशान थे और नाराज किसानों ने ही भूपेश बघेल की कुसएँ गिराने में बड़ी भूमिका निभाई पिछले भूपेश सरकार में कस्टम मिलिंग का रेट बढ़ाया गया और राइस मिलरो को पैसा नहीं मिला राइस मिलर परेशान रहे, भ्रष्टाचार चरमसीमा पर था प्रदेश की जनता नान घोटाला को नहीं भूली है जिसके आरोपी तात्कालिक चेयरमेन आज तक फरार है कांग्रेसियों के झूठे आरोप से किसानो का कोई सरोकार नहीं है भूपेश सरकार में धान सुखत का अडका 6.32 था जो अब साय सुशासन में घट कर 3.49 है। हमारी सरकार अन्नदाताओं का एक–एक दाना खरीदने के लिए तैयार है जरूरत पड़ी तो धान खरीदने के समय सीमा को बढ़ाया जाएगा साय सरकार किसान हितैषी सरकार है किसान के हित में हर जरूरी फैसला लिया जाएगा।

# एम-स्ट्राइप्स एप और वैज्ञानिक पद्धतियों से होगी बाघ की गणना

## बाघ गणना के लिए मैनपुर में वन अमले को मिला हाईटेक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वन्यजीव संरक्षण के अंतर्गत बाघ गणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित करने के लिए आज वनमंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी श्री ससीगानंधन, उप वनमंडलाधिकारी मनोज चन्द्राकर, राकेश चौबे, विकास चन्द्राकर, सहायक संचालक यूएसटीआर जगदीश दर्रो, समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी सहित वनमंडल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे इस अवसर पर भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से पहुचे ऋतु प्रजापति द्वारा बाघ गणना की नवीनतम पद्धतियों, फील्ड डाटा संग्रहण, कैमरा ट्रैपिंग, ट्रैक एवं साइन सर्वे,



### बाघ आंकलन के लिए डेटा की शुद्धता महत्वपूर्ण

जंगल में जाकर दिया गया वन अमला को विस्तृत जानकारी-वन्यजीव संरक्षण के अंतर्गत बाघ गणना कार्य के लिए वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीक एफ के माध्यम से डेटा संग्रहण और मानिट्रिंग की पुख्ता करने की जानकारी दी गई साथ ही सैद्धांतिक चर्चा के पश्चात अधिकारियों और कर्मचारियों को फिल्ड मैदानी क्षेत्र में ले जाकर एफ का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया वन अफसरों ने प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि बाघ आंकलन के लिए डेटा की शुद्धता अत्यन्त महत्वपूर्ण है उन्होने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा तकनीकी रूप से सक्षम होने से न केवल डेटा पारदर्शी होगा बल्कि वन जीवो के संरक्षण में भी मदद मिलेगी फिल्ड ट्रेंनिग के दौरान कर्मचारियों के शंकाओ का समाधान किया गया और योजनाबद्ध तरीके से कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

एम एसटीआर एप के उपयोग तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आंकड़ों के विश्लेषण संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बाघों की पहचान, उनके आवास, संरक्षण की चुनौतियों तथा गणना प्रक्रिया में सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही, बाघ संरक्षण में वन विभाग की भूमिका एवं सामूहिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। वनमंडलाधिकारी श्री ससीगानंधन द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बाघ गणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिससे वन्यजीव संरक्षण की रणनीतियां सुदृढ़ होती हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम फील्ड कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यशाला का उद्देश्य बाघ गणना कार्य को पारदर्शी, सटीक एवं वैज्ञानिक तरीके से संपन्न करना रहा।

## जयंती : शोभायात्रा का जगह-जगह नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों स्वागत किया

# नवापारा में भक्त गुहा निषाद राज जयंती मनाई गई, भव्य शोभायात्रा से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शुक्रवार को नवापारा शहर में भक्त गुहा निषाद राज जयंती निषाद समाज सहित नगरवासियों द्वारा अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम, मां जानकी एवं लक्ष्मण जी की भव्य मूर्तियों के साथ नगर में विशाल शोभायात्रा निषाद भवन से निकाली गई जो श्री सत्यनारायण मंदिर होते हुए गंज रोड, कृषि ऊपज मंडी, सुभाष चौक, कुम्हार हटरी, सदर बाजार, नेहरू गार्डन होते हुए वापस निषाद भवन पहुंची। शोभायात्रा जैसे ही शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जगह-जगह नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा पूरे शहर को धर्म, भक्ति और सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। जय श्रीराम और सामाजिक एकता के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज ने आयोजन को और भी प्रभावशाली बना दिया। जयकारे से पूरा नवापारा शहर गूंज उठा। इस भव्य आयोजन में निषाद समाज की सशक्त और अनुकरणीय भागीदारी देखने को मिली। समाज के पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं, जिससे आयोजन की भव्यता तथा गरिमा और बढ़ गई। जिससे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गौरव का सुंदर संदेश देखने को मिला। निषाद समाज के लोगों ने निषादराज की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाते हुए शोभायात्रा में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने भक्त राज गुहा के जीवन, उनके आदर्शों और सामाजिक एकता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, इतिहास और मूल्यों से जोड़ते हुए भक्त राज के जीवन, त्याग, आदर्श और सामाजिक योगदान तथा एकजुट रहने व संस्कृति से जुड़े रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आयोजन को सफल बनाने में समाज के युवाओं की भूमिका भी सराहनीय रही। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, आपसी सहयोग और धार्मिक सौहार्द्र की सुंदर मिशाल देखने को मिली। भक्तराज गुहा जयंती का यह आयोजन नवापारा शहर के लिए आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया। प्रारंभ में सुबह 9 बजे भगवान श्री सत्यनारायण की कथा पूजा धूमधाम से हुई। पूजा में बल्दु निषाद, पन्ना निषाद, कृष्णा निषाद, नरोत्तम निषाद बैठे।







### शोभायात्रा में ये रहे शामिल

आयोजन को सफल बनाने एवं शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पन्ना निषाद, कृष्णा निषाद, नरोत्तम निषाद, राजा निषाद, पार्षद जीना-सुजीत निषाद, पार्षद रामरतन निषाद, चंदन निषाद, बबलू निषाद, बल्दु निषाद,दयाराम निषाद, भुवन निषाद, डीहू निषाद, भुवनेश्वर निषाद, प्रहलाद निषाद, शंकर निषाद, लीला निषाद, भोला निषाद, मोती निषाद, संतोष निषाद, शिवराम निषाद, रवि निषाद, सुकलाल निषाद, धनेंद्र निषाद तथा रायपुर जिला कार्यकारिणी सदस्य माखन निषाद, अंजू निषाद, सुनीता निषाद, संतोषी निषाद, खेदी निषाद, लक्ष्मी निषाद, अनुसुइया निषाद, मीना निषाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

## नगरीय निकाय के कर्मचारी 14 सूत्रीय मांग को लेकर सीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष संतोष सोनी के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगरीय निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो को नियमित किया जाए, ठेका प्रथा पर रोक लगाते हुए कर्मचारियो को निकाय में समायोजन कर नियमित करे। स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कमांडो वाहन चालक को कलेक्टर दर पर भूगतान करने, भविष्य निधि काटकर खाते में जमा कराने, कर्मचारियो के स्थाई व्यवस्था एवं निर्धारित तिथि पर भुगतान, छठवां-सातवां वेतनमान की ऐरियर्स राशि भगुतान की स्वीकृति, 5 लाख तक ईलाज हेतु कै शलेश की सुविधा, अन्य विभाग की भांति शीघ्र ही ओल्ड पेंशन योजना ,नवीन सेटअप स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ, कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर लाईनमैन वाहन चालक, पंप अटैडेन्ट सफाई दरोगा, सफाई कामगार एंव प्लम्बर के कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए चैनल निर्धारण कर नवीन पद स्वीकृत कर पदोन्नति का लाभ, कर्मचारियों के आधार उपस्थिति प्रणाली को निरस्त, आठवें वेतनमान की अन्य कर्मचारियो की तरह लागू, नगरीय निकाय के पेंशनरों को भी केंद्र सरकार कर्मचारियों के समान आदेश जारी होने के दिनांक से पेंशन एवं महंगाई भत्ता का लाभ दिया जावे साथ ही साथ नगरीय निकायों के पेंशनरों को भी 1 से 5 तारीख पेंशन का भुगतान किया जावे जिससे पेंशनरों को आर्थिक तंगी से ना गुजरना पड़े। इस तरह 14 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन देने के लिए, सुरेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, सफाई प्रकोष्ठ, शरद दुबे प्रदेश महामंत्री, संतोष सोनी, भीम बंछोर, सरस्वती बाई साहनी, सदन साहनी, महादेव नायक,संतराम सोनी, सुनील नायक, भुवनेश्वर सोनी (टिंकू सोनी), भुजन साहनी, गणेश शेन्द्रे, चैती साहनी, गिरजी साहनी, कोशिल्या साहनी, नंदनी पात्रे, गुंजा बाई, नरोत्तम बंछोर, मोहन साहनी, रोहन साहनी सहित सभी कर्मचारी शामिल थे।

## कड़ाके की ठंड, लोगों के सेहत पर पड़ रहा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर वनांचल क्षेत्र में मौसम की लुका-छिपी के कारण इसका लोगो के सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है। एक सप्ताह तक बादल मौसम खराबी के बाद फिर अब बादल छटने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिसका विपरित असर लोगो के सेहत पर पड़ रहा है ऐसे में छोटे बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग सर्दी, खासी, बुखार से पीड़ित होने लगे है वहीं सुबह और शाम को शीत लहर चलने से पारा काफी गिर गया है अचानक फिर ठंड बढ़ने से अस्पताल में सर्दी, खासी, बुखार, बदहजी मरीजो की संख्या बढ़ गई है।

## भक्त गुहा करुणा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा की भक्त शिरोमणि निषाद राज गुहा जंयति भगवान राम के परम मित्र और केवटराज निषादराज गुह की जयंती है, जो उनकी भक्ति और निष्ठा के सम्मान में आज खुटेरी में मनाई जा रही है, मुझे इसमें शामिल होकर पुजा करने का अवसर सोभाग्य हूं। यह दिन निषादराज के 'केवट प्रसंग' के माध्यम से राम-सीता-लक्ष्मण को गंगा पार कराने की उनकी सेवा को याद करता है। आज रोम रोम निषाद समाज कि भाव जागृति हो रहा है। मानो एक दिन के लिए हम सब निषाद है। निषाद राज गुहा करुणा, त्याग और समर्पण के प्रतिमूर्ति थे। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। विधायक ने आगे कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार दो साल पूरा हो चुका है। ने कहा कि वहीं सरकार है, वहीं बजट है, वहीं राजस्व कलेक्शन है। प्रदेश में चारों ओर विकास का काम अब हो रहा है। बजट की कहीं कोई दिक्कत नहीं है। राजिम विधान सभा में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास कार्य स्वीकृत हुए है। कांग्रेस ने गरीबों की गाढ़ी कमाई लूटी है, कांग्रेस किसी गांव में पांच साल में पांच लाख दे दिए तो अपने को बड़ी उपलब्धि मानता है। हम जनता के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। यहां की जनता का पैसा अब दिल्ली नहीं जाता, यहां का पैसा यहां के विकास के कामों में लगाया जाता है। रायपुर से नहीं गांव पहुंच कर जनता की समस्या का समाधान करना सर्वोपरि है।



खुटेरी में भक्त शिरोमणि निषाद राज गुहा जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया

### राजिम विस में 1 हजार करोड़ से अधिक राशि का हो रहा विकास कार्य

विधायक ने कहा कि जो भी वादे भाजपा सरकार व हमने किए उसे पूरे किए धान खरीदी से लेकर दो साल का बकाया बोनस का वादा पूरा किया। महतारी वंदन योजना का लाभ हम लोगों को हर महीने दे रहे हैं। आगे कहा कि मोदी की हर गारंटी छत्तीसगढ़ में पूरी होगी। राजिम विधान सभा में 1 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास कार्य हो रहे हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि निषादराज महाराज ने हमें समाज के लिए त्याग करने की सीख दी। हम एकजुट होकर देश, समाज की तरक्की के लिए कार्य करें। उन्होंने निषाद समाज के लोगों से अपील की कि वह बेटी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।इस मौके पर

इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, हरिश साहू अध्यक्ष सरपचं संघ फिंगेश्वर, मंजुलता हरित अध्यक्ष भाजपा मंडल फिंगेश्वर, नंदुलाल यादव सभापति जनपद पंचायत फिंगेश्वर, भाजपा नेत्री सीमा ठाकुर, सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू, नुतन साहू सचिव, ढालसिंग निषाद उ-सरपंच, कन्हैया लाल निषाद अध्यक्ष ग्राम निषाद समाज, नेहरू साहू इत्यादि उपस्थित थे।

## ग्राम बारूका में शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए विधायक साहू

# मेहनती और परोपकारी है पटेल समाज : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम विधायक रोहित साहू गुरुवार को ग्राम बारूका में जय माँ शाकम्भरी पैरी गंगा परिक्षेत्र मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित माँ शाकम्भरी जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। बारुका पहुंचने पर जनपद सदस्य भीम निषाद एवं टिकेश्वर पटेल के नेतृत्व में ग्रामीणों व पटेल समाज के लोगों ने विधायक का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई, वहीं मरार पटेल समाज द्वारा सब्जियों से तौलकर विधायक का अभिनंदन किया गया। विधायक रोहित साहू ने समाज द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार जताया। उन्होंने माँ शाकम्भरी की पूजा-अर्चना की तथा जन्मोत्सव को लेकर पटेल समाज को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि पटेल (मरार) समाज अत्यंत मेहनती एवं परोपकारी समाज है, जो




मानव समाज के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए दिन-रात मेहनत करता है। शुद्ध एवं ताजी सब्जियों की उपलब्धता इसी समाज की देन है। उन्होंने कहा कि माँ शाकम्भरी का अवतरण मानव समाज की रक्षा के लिए हुआ था और आज पटेल समाज उनके उद्देश्यों को आगे बढ़ा रहा है। इस दौरान विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का भी बखान किया। उन्होंने कहा की हमारी विष्णु देव सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी की। लंबित 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। महतारी वंदन



का लाभ माता-बहनों को मिल रहा। गांव गांव गली गली घर घर तक विकास पहुंचाने का काम सरकार कर रही है।

**विधायक ने दी एक साथ कई सौगात-** मौके पर विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों की मांग पर सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, टीना शेड निर्माण, मोहरा एवं कचना मंदिर में यात्री प्रतीक्षालय, एक हैंडपंप, विजयनगर-जटमई-तुइयामुड़ा में सड़क व पुलिया निर्माण तथा आश्रित ग्राम बरेठिनकोना में बिजली व्यवस्था के लिए त्वरित प्रयास की घोषणा की। इसके पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरार समाज के पूर्व अध्यक्ष रोशन लाल पटेल ने समाज की गौरवशाली परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह समाज सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फुले जैसे महान विभूतियों की परंपरा से जुड़ा है। मरार समाज सदैव परोपकार और सेवा भाव से कार्य करता आया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर एवं जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पैरी गंगा परिक्षेत्र पटेल समाज अध्यक्ष गोविंद पटेल, भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, जनपद सदस्य भीम निषाद, सरपंच गैंदीबाई रामचरण कंवर, ग्राम पटेल कार्तिकराम ध्रुव, प्रतीक तिवारी, खेम सिंह बघेल, प्रतीक सिंह, अमित वखरिया, यश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पटेल मरार समाज के लोग एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष व युवा दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह एवं वंदे मातरम की 150 साल पूरे होने का जश्न वंदे मातरम/150 के अवसर पर इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने बताया कि सतत विकास लक्ष्य के लक्ष्य तीन अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए तथा वर्ष 2030 तक सभी उम्र के लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने और कल्याण को बढ़ावा देने के किए छात्र-छात्राओं तथा कार्यालयीन स्टाफ के लिए यह शिविर आयोजित किया गया। इसके आलावा स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करने और प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं जैसे पर्यावरणीय स्वास्थ्य जोखिमों से निपटने पर ध्यान केंद्रित किया गया। शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग गरियाबंद के निर्देशानुसार चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन लहरे, डॉ. मनोज कुमार व तकनीकी स्टाफ सुरेखा साहू, खुशबू साहू, सुधा नायक तथा श्रवण मस्कोले उपस्थित रहे। शिविर में स्वयंसेवकों की सहायता से रक्त के 89 नमूने लिए गए, रक्त में असामान्य हीमोग्लोबिन की पहचान की गई। शिविर में सामान्य शारीरिक परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप, मधुमेह (शुगर) और आंखों की जांच की गई। शिविर में 150 छात्र-छात्राओं एवं कार्यालयीन स्टाफों का नेत्र, सिकलिन एवं स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया।

## खबर संक्षेप



### सिंचाई की सुविधा नहीं होने के कारण साधन वाले ही पाऐंगे रबी की फसल

**रसेला।** एक तरफ जहां खरीब फसल धान की बेचने किसान उपार्जन केन्द्र में पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रबी फसल लेने की तैयारी भी चल रही है। बता दें कि रबी सीजन की तैयारियां जिले सहित क्षेत्रों में शुरू हो चुकी है। अंचल के साधन संपन्न किसानों ने खेती की तैयार भी कर लिया है। कुछ स्थानों पर नर्सरी भी लगाई जा रही है। जिले सहित अंचलों में लगातार घट रहें जलस्तर को देखते हुए सरकार ने किसानों से रबी सीजन में धान की फसल के बदले दलहन तिलहन मिलेट्स की फसल लेने की अपील की थी, लेकिन क्षेत्र के किसानों ने दलहन तिलहन की फसल लेने में कोई रुचि नहीं दिखाई और धान की फसल की तैयारी में जुट गए हैं। किसानों की मानें तो क्षेत्र के किसान सिर्फ धान की ही फसल ले सकते हैं। किसानों के अनुसार दलहन तिलहन को फसल को प्राकृतिक आपदा, जंगली जानवर, बंदर और पशु पक्षियों से बचना मुश्किल हो जाता है। किसान दलहन तिलहन की फसल लेना चाहते हैं, लेकिन परेशानियों को देखते हुए ये मजबूरी में धान की फसल लेते हैं। किसान बेदव्यास निषाद, जनक राम यादव, सोहनलाल मरकाम, दिब्यनद यादव, देवकुमार, कृष्णा साहू , केजूराम ध्रुव आदि ने बताया कि सूरजमुखी की फसल लेने पर तोता और अन्य फ़सल लेने पर जंगली सूअर, पशुधन के उत्पाद फसल ले पाना कठिन हो जाता है। इस वजह से धान की खेती करने की विवशता है। फसल चक्र परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण किसानों को नहीं मिल रहा है। इस क्षेत्र में जिस किसान के पास बोर मशीन की सुविधा है वह फसल लगा रहे हैं। जिनके पास यह सुविधा नहीं है उन्हें खरीब फसल के लिए पांच माह इंतजार करने पड़ेंगे, तब तक उन्हें या तो खाली रहना पड़ेगा या फिर कोई काम धंधा ढूंढने की आवश्यकता है।

### ग्राम ढोंड़रा में 19 से देवी भागवत कथा

**अभनपुर।** ग्राम ढोंड़रा के बाजार चौक में 19 से 27 जनवरी तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण नवान्ह यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक हवन एवं दोपहर 1 से शाम 5:30 बजे तक कथा वाचन होगा।

**आयोजन : विभिन्न समाजों की महिलाएं एक मंच पर एकजुट हुईं**

# नारी शक्ति का महाकुंभ, हल्दी-कुमकुम समारोह के साथ पुस्तक पुष्पा सानिध्य का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मकर संक्रांति एवं हल्दी-कुमकुम समारोह के साथ पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन 15 जनवरी को किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व विप्र महिला मंडल द्वारा किया गया, जिसमें विप्र समाज की अध्यक्ष तारणी शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न समाजों की महिलाओं को ससम्मान आमंत्रित किया गया। सभी महिलाओं का पारंपरिक विधि से हल्दी-कुमकुम का तिलक कर स्वागत किया गया तथा उन्हें सुहाग सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की गई। साथ ही अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया गया। यह ब्राह्मण समाज की महिलाओं का प्रथम ऐसा सराहनीय प्रयास रहा, जिसके माध्यम से विभिन्न समाजों की महिलाएं एक मंच पर एकजुट हुईं। इस आयोजन ने नए वर्ष की शुरूआत को स्नेह, सौहार्द्र और आपसी भाईचारे से भर दिया। महिलाओं ने अनेकता में एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना के साथ स्वाति उपाध्याय द्वारा सरस्वती वंदना के साथ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात रानी तिवारी जी ने मधुर भजन एवं सुहागिन महिलाओं के लिए बधाई गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात नीरजा पांडे ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की, जिसमें महिलाओं के संघर्ष, आत्मबल और प्रेरणा का संक्षिप्त किंतु प्रभावशाली वर्णन किया गया। मुख्य अतिथि नवापारा नगर की अध्यक्ष ओमकुमारी साहू का उदबोधन अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने मातृशक्ति को सदैव प्रोत्साहित करते हुए विप्र महिला मंडल को सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए माइक उपहार स्वरूप भेंट किया। डॉ. सविता मिश्रा जो राजीव लोचन कॉलेज की प्राचार्य एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार हैं, ने लेखिका रुचि ज्ञानेश शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक पुष्पा सानिध्य का विधिवत विमोचन किया। उन्होंने पुस्तक की सुंदर समीक्षा करते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाएं अनेक रिश्तों की जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने जीवन को गरिमामयी बनाती हैं। सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी मीता महाड़िक एवं सोनल महाड़िक का उदबोधन भी अत्यंत स्नेहपूर्ण रहा।



### विविध समाजों का अनूठा संगम

वहीं संध्या शर्मा पूर्व प्राचार्य शास हरिहर स्कूल ने महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए किए गए इस प्रयास की सराहना की। सिंधी समाज की अध्यक्ष मानसी पंजवानी ने सास-बहू के रिश्ते को अत्यंत गरिमामय बताते हुए अपने भाव व्यक्त किए। आरती काबरा ने धार्मिक कार्यक्रमों को सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण आधार बताया। स्वर्णजीत कौर ने सभी महिलाओं को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एकता, समरसता एवं स्नेह का सुंदर परिचय दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. श्वेता पांडे संजीवनी हॉस्पिटल ने महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। डॉ. योगिता सिन्हा ने अत्यंत स्नेहपूर्ण उदबोधन दिया। सुअंजना उपाध्याय ने ब्राह्मण समाज को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। सभी अतिथियों के प्रेरणादायक उदबोधन से विप्र महिला मंडल को नई ऊर्जा एवं आत्मबल मिला। इस अवसर पर संगठन के नए नाम की भी जानकारी दी गई।



### सशक्तिकरण एवं निरंतर प्रगति का प्रतीक

श्री शक्ति वाहिनी विप्र महिला मंडल यह नाम स्वयं में शक्ति, सशक्तिकरण एवं निरंतर प्रगति का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी महिलाओं के लिए सुहाग सामग्री, जलपान एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। सभी ने एक-दूसरे को तिलक कर, तिल के लड्डू खिलाकर आपसी स्नेह, प्रेम और सौहार्द्र से वातावरण को सराबोर कर दिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती देने की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम साबित हुआ। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्र महिला मंडल की समस्त बहनों का दिल से योगदान रहा। सभी ने एकजुट होकर मेहनत की और इस भव्य आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

# पुलिस बल बढ़ाने और ट्रैफिक सिग्नल की मांग को लेकर नपाध्यक्ष ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा नगर में हाल में हुई चोरी की घटना एवं व्यापारी संघ की बैठक में थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल की कमी को लेकर बात कही थी। जिसे संज्ञान में लेकर नपाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू में पुलिस अधीक्षक रायपुर से नवापारा नगर में पुलिस बल बढ़ाए जाने को लेकर आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि नवापारा क्षेत्र का प्रमुख व्यापारिक शहर है। आसपास गांव के सैकड़ों लोग व्यापार के लिए रोज नवापारा शहर आते है। शहर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त बल का अभाव है। शहर में आए दिन चोरी की छोटी-बड़ी घटना होती रहती है। जिससे लोगों में भय बढ़ गया है। पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाने, यातायात पुलिस की तैनाती करने नपा अध्यक्ष श्रीमती साहू ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकर्षित किया है। बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। खासकर अव्यवस्थित बड़े भारी वाहनों के साथ-साथ दुपहिया एवं चारपहिया वाहन के भीड़ से दिन में कई बार ट्रैफिक जाम की नौबत आ जाती है। अन्य शहर व गांव आने-जाने के लिए यह मुख्य चौराहा है। नगर के प्रमुख महाविद्यालय, बैंक, एफसीआई, तहसील जाने का यही एक मात्र मार्ग है। चौक पर सिग्नल एवं यातायात पुलिस के अभाव में रोज छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है। नपा अध्यक्ष ने नगर के इस ज्वलंत यातायात समस्या के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक से आवेदन के माध्यम से जल्द ट्रैफिक सिग्नल एवं यातायात पुलिस के तैनाती की मांग की है। आवेदन पर जल्द विचार कर निर्णय लेने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सहमति जताई है।

# कचना धुरुवा कॉलेज में सामूहिक राष्ट्रगान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



राष्ट्रगान, वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ पर,नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम् गान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम, रासेयो के पूर्व स्वयं सेवक रहे युवा समाज सेवी शीतल ध्रुव एवं जनप्रतिनिधि पार्षद बलराज पटेल की आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे व भारत माता की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, सामूहिक वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। जिससे पूरा सभा हाल देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दिनेश साहू ने वंदे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसकी रचना एवं राष्ट्रीय महत्व पर अपनी बातें रखी। कहा कि यह गीत भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में नई चेतना का संचार किया। वहीं समाज सेवी शीतल ध्रुव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन और कर्मठता ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। पार्षद बलराज पटेल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत सदैव मातृभूमि की सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रेरित करता है, यह केवल गीत नहीं वरन् मातृभूमि की वंदना है। कार्यक्रम अधिकारी रेख राम कुर्रे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश अनेक भाषाओं और संस्कृतियों का संगम है, फिर भी हम एक है,क्योंकि हमारी पहचान भारतीय है। यह गीत हमें जोड़ता है और देश के प्रति समान प्रेम की भावना पैदा करता है। महाविद्यालय डीएलएड की छात्रा ने वंदे मातरम् गीत के संबंध में संदेश वाचन किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा उप सरपंचों का प्रशिक्षण, संघ ने किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासन-प्रशासन द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विवादों के घेरे में आ गया है। छुरा ब्लॉक में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुप्रबंधन और सूचना के अभाव से नाराज होकर उप सरपंचों ने एक स्वर में इसका बहिष्कार कर दिया। उप सरपंच संघ ने आरोप लगाया कि प्रशिक्षण के पहले दिन यानी 14 जनवरी को बिना किसी पूर्व सूचना के कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे दर्जनों उप सरपंच कार्यालय पहुंचने के बाद परेशान होते रहे। जब वे 15 जनवरी को दोबारा निर्धारित समय पर पहुंचे, तब भी विभाग की ओर से भारी लापरवाही देखने को मिली। उप सरपंच संघ के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। उन्होंने निम्नलिखित कमियां गिनाईं। न प्रोजेक्टर की व्यवस्था थी, न ही पढ़ने के लिए बुकलेट उपलब्ध कराए गए। सुबह 11:00 बजे का समय होने के बावजूद प्रशिक्षु अधिकारी समय पर नहीं पहुंचे और प्रशिक्षण दोपहर 12:30 बजे अव्यवस्था के बीच शुरू हुआ। कार्यक्रम स्थल पर न तो बोर्ड था और न ही उचित बैनर-पोस्टर लगाए गए थे। अव्यवस्थाओं से क्षुब्ध होकर सभी उप सरपंचों ने प्रशिक्षण का बहिष्कार करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। संघ के अध्यक्ष ने मांग की है कि जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने उप सरपंचों को समय पर सूचना नहीं दी, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भविष्य में प्रशिक्षण तभी आयोजित हो जब पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। उप सरपंचों के अधिकारों और दायित्वों को ध्यान में रखते हुए गरिमापूर्ण आयोजन किया जाए। हमें प्रशिक्षण देने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। जब शासन के पास संसाधन ही नहीं हैं, तो जनप्रतिनिधियों का समय क्यों बर्बाद किया जा रहा है? हम इस लापरवाही के खिलाफ एकजुट हैं।

**प्रशिक्षण स्थल पर इनकी रही मौजूदगी-** बहिष्कार करने वालों में प्रमुख रूप से टिकेंद्र साहू, जसप्रीत सिंह, रेखचंद साहू (खड़मा), रेखचंद साहू (टेंगनाबासा), महेश्वर साहू, एस कुमार सिन्हा, बृजमोहन तारक, राजेंद्र यादव, बुधराम दीवान, खिलेश्वर द्विवेदी, राजेश्वर नेताम, छविराम ध्रुव, नारायण सिंह, कलीराम, नरेश निषाद, शिव कुमारी, अन्नपूर्णा मरकाम, अनुसुईया यादव, दसमत साहू, लता साहू, उर्मिला निषाद और विशाखा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में उप सरपंच उपस्थित रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### संदीप बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री

**मुड़ागांव (कोरासी)।** प्रदेश अध्यक्ष माननीय किरण सिंहदेव की सहमति से तथा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माननीय आलोक सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी मंडल पांडुका के पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय को



किसान मोर्चा के जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। जिला महामंत्री के दायित्व मिलने पर संदीप पाण्डेय ने विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। जिला महामंत्री किसान मोर्चा बनने संदीप पांडेय को जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला महामंत्री चन्द्र शेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हलमन धुर्वा, प्रदेश मंत्री देवेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश मंत्री नरोत्तम साहू, मन की बात प्रदेश सह प्रभारी चंदन साहू, जनपद सदस्य द्वय पंकज निर्मलकर -दुलारी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव, जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, पूर्व महामंत्री प्रकाश सिन्हा, गुलशन सिन्हा, पुरषोत्तम गोस्वामी, तेजराम ध्रुव,पालेंद्र साहू, रूपेश्वर साहू, रमन नामदेव, लता साहू, पूर्णिमा कंवर, तेजराम ध्रुव, जसप्रीत कौर, धनीराम साहू, लोकनाथ साहू ने बधाई दिया है।

### वंदे मातरम गायन कर राष्ट्रीय चेतना बिखेरी

**अभनपुर।** वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती के अवसर पर अभनपुर के पीएमश्री सेजेस उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय चेतना एवं ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना का विकास करना तथा वन्दे मातरम् के गौरवशाली इतिहास से उन्हें अवगत कराना रहा। इस मौके पर मिडिल एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सामूहिक नृत्य, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। वहीं कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अनुशासनबद्ध ढंग से एक स्वर में वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में वन्दे मातरम् की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाने का सशक्त माध्यम रहा है और आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है वही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे ने विद्यार्थियों को वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ की बधाई दी।

## निधन

### दुर्गा साहू

**फिंगेश्वर।** ग्राम रोबा के प्रतिष्ठित



नागरिक जयराम साहू की सुपुत्री दुर्गा साहू का निधन 16 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**जयंती : राज्यपाल गोद बिजली में मानस यज्ञ एवं गुहा जयंती धूमधाम से मनाई**

# ग्राम बिजली में रामचरितमानस यज्ञ और निषादराज जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्यपाल गोद ग्राम बिजली में रामचरितमानस यज्ञ के दूसरे दिन की आहुति चौपाइयों के साथ दी गई, इसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। वहीं इसी मंच पर दोपहर को निषाद समाज बिजली के तत्वावधान में ग्रामवासियों संग भक्त शिरोमणि निषाद राज गुहा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस संयुक्त कार्यक्रम का मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू , विशिष्ट अतिथि मछुवारा संच प्रदेश संयोजक प्रदीप केवर्त, जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजु लता हरित, सरपंच बिजली पद्मा मोती निषाद, भाजपा नेत्री सीमा ठाकुर, नेहरू साहू, ओमप्रकाश साहू थे। विधायक रोहित साहू ने रामायण जुड़े प्रसंग पर प्रेरक बाते बताई। आगे उन्होंने कहा रामचरितमानस यज्ञ हो अन्य धार्मिक आयोजन का उद्देश्य सुख-समृद्धि, गृहस्थ जीवन में मधुरता और भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेना है। अंतिम दिन (पूर्णाहुति) पर विशेष हवन और आरती होती है, जिसमें शामिल होने से यज्ञ का पूर्ण फल मिलता है, रामचरितमानस के उस भाग पर केंद्रित होती है जो जीवन के आदर्शों और रिश्तों को सिखाता है, जिससे घर-परिवार में खुशहाली आती है। 500 सौ साल के इंतजार बाद भगवान राम की मंदिर बना है। वह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्वारा सनातन को बचाने हर प्रयास कर रहे हैं।





### 15 लाख के टीन शेड की घोषणा

सभा को सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू ने भी सम्बोधित किया। सरपंच प्रतिनिधि एंव जिला अध्यक्ष निषाद समाज मोती निषाद ने विधायक रोहित साहू द्वारा दो साल में ग्राम पंचायत बिजली को 70 लाख की विकास राशि की सौगात दी इसके लिए ग्रामवासी, ग्राम पंचायत धन्यवाद ज्ञापित करता है, वहीं पंचायत की मांग पर विधायक ने 15 लाख की टीना सेड निर्माण की घोषणा किया। महिला समिति के लिए 7-7 हजार की जनसंपर्क राशि घोषणा किया गया। विधायक का गांव पहुंचने पर फूल माला से सरपंच, पंच, जनपद सभापति, ग्रामवासियों ने स्वागत किया। फिर पंचायत के लिए स्वीकृत तलाब में टीन शेड़ का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर जनपद सभापति नंदू यादव सरपंच पद्मा निषाद, नेहरू साहू, अध्यक्ष जिला निषाद समाज मोती निषाद, गजेन्द्र निषाद, ठाकुर राम, लिखन निषाद, दयाराम साहू, कृपा निषाद, डोमन साहू, उदय यादव, दुज राम ढीढी, रमेश यादव, नेतराम, चुनु, हेमन, ओमप्रकाश साहू, रूपेश साहू शत्रुघन, नुतन इत्यादि उपस्थित थे।

**संस्कार और नारी शक्ति पर जोर-** वहीं इसी निषाद समाज बिजली के तत्वावधान में ग्रामवासियों संग भक्त शिरोमणि निषाद राज गुहा जयंति धुमधाम से मनाई गई। पर कहा इस मौके पर विधायक ने भक्त निषाद राज गुहा की फोटो की पूजा अर्चना किया, वहीं मानस यज्ञ रामायण एवं सीतला मंदिर में क्षेत्र की सुख -समृद्धि की प्रार्थना किया। इस अवसर पर लोग निषाद राज की जयकारे भी लगाए गए। इस दौरान लोगों ने कहा की निषाद राज हम लोगों को भी भगवान राम की तरह नौका पार कर। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा की पारिवारिक सदस्यों की आपसी दूरी और संवादहीनता समाप्त हो, इसके लिए परिवार में सभी को रात का भोजन एक साथ बैठकर खाना चाहिए। ऐसा करने से मनमुटाव दूर होंगे। उन्होंने बच्चों को संस्कारी शिक्षा दिलाने के साथ ही संस्कारवान बनाने का आह्वान भी किया।नारी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है और वह अपनी ऊर्जा से परिवार को संभालने के साथ समाजसेवा का कार्य भी करती है। हमें बच्चों को भी संस्कारवान बनाना चाहिए।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा युवा मोर्चा गरियाबंद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश के प्रथम आगमन पर शुक्रवार को मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। दोपहर 12 बजे बस स्टैंड मैनपुर से स्वागत करते हुए सभी कार्यकर्ता पदयात्रा के रूप में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मैनपुर पहुंचे, जहां स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सक्रियता से संपन्न कराने पर जोर दिया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत नागेश ने कहा भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को गांव-गांव तक पहुंचाकर इसका लाभ अंतिम छोर के लोगो को दिलाना है। उन्होने कहा युवा मोर्चा को और अधिक मजबुत बनाने के लिए नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की जरूरत है, सरकार द्वारा गांव गरीब किसान मजदुर युवा सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के महामंत्री दिनेश सचदेव, अनुसूचित जनजाति वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, गोविंद राम नायक, किशोर यदु ,यमराज ओटी, लखन गिरी गोस्वामी, सुधीर ठाकुर, दाऊलाल ध्रुव, निमेष सिन्हा,रवींद्रनाथ सोनी मनोज निर्मलकर, हेमन्त साहू, वेणुधर प्रधान, दयाशंकर सोनी, सूरज गिरी गोस्वामी, राम जी मरकाम, दिनेश मिश्रा, नरेश सोनवानी, मनोज पटेल, सतन यादव, सौरभ राजपूत, यमन नायक, राज शिवा सोनी, गोपाल ठाकुर, अपूर्व त्रिवेदी, धनेंद्र वैष्णव, जितेंद्र साहू, युवा मोर्चा एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम, लोहझर में गूंजा भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव कोरासी

ग्रामीण इलाकों में गरीबों की जीवन रेखा कही जाने वाली मनरेगा योजना में व्याप्त अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ गुरुवार को लोहझर पंचायत संघर्ष का अखाड़ा बन गई। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में महिलाओं, ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने लंबित भुगतान, काम की कमी और फर्जी मस्टर रोल जैसे गंभीर आरोपों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा की मनरेगा आज लूट का केंद्र बन गया है। फर्जी मस्टर रोल के जरिए गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा है। महीनों से मजदूरों को भुगतान नहीं मिलना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि उनके पेट पर सीधा हमला है। मंच पर उनके साथ उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमारी सोनी ने चेतावनी दी कि यदि मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो यह चिंगारी ब्लॉक से निकलकर राजधानी तक पहुंचेगी।

**नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का भव्य स्वागत-** इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी शाह का कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले बड़े संबोधन में उन्होंने कहा कि संगठन अब गांव-गांव जाकर मजदूरों को गोलबंद करेगा। राजमहल के राजा यशपेंद्र शाह और मंडल प्रभारी अब्दुल समद खान ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में जोश भरा।



कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

**आंदोलन की मुख्य मांगें और ऐलान-** कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगें हैं। मजदूरों को नियमित काम की गारंटी। महीनों से लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान। मनरेगा कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर लगाम। यदि जल्द ही इन मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो ब्लॉक मुख्यालय का घेराव कर एक विशाल प्रदेश स्तरीय आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**सिवनी में भी गरमाया माहौल-** सिर्फ लोहझर ही नहीं, बल्कि सिवनी क्षेत्र के दो अन्य स्थानों पर भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की गूंज सुनाई दी। वहां भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मजदूरों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य शुकवाती टांडे, खिलेश्वरी ध्रुव, इंदु देवांगन, लक्ष्मी ठाकुर, दीप्ति यादव, प्रहलाद यदु, भानु प्रताप भारद्वाज, नियाज़ खान, जगराम टांडे, आशा चौबे सहित भारी संख्या में ग्रामीण और पंच-सरपंच मौजूद रहे।

लोहझर का यह शक्ति प्रदर्शन स्पष्ट संकेत है कि आने वाले दिनों में मनरेगा के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ की राजनीति और गरमाने वाली है।

# रंगमंच में सिमटा डिजिटल इंडिया का डाकघर पटवारी के न मिलने से छात्र और किसान बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम मड़ेली में वर्षों से संचालित डाकघर रंगमंच में संचालित हो रहा है। इसके कई वर्ष से निजी मकान में संचालित था। लेकिन कुछ साल बाद शासन के रंगमंच में संचालित है। अपने खुद का भवन नहीं होने के कारण बहुत सारी समस्याओं से जुझ रहा है। हितग्राहियों के लिए न ही बैठने की व्यवस्था है और न ही पानी की व्यवस्था ग्राहक धूप में ही बैठकर अपना काम करवाते हैं। आज तमाम सरकारी कामकाज पोस्ट आफिस से हो रहा है। लेकिन डाकघर का अपना निजी मकान नहीं है। ग्राम में पोस्ट आफिस आधुनिक डिजिटल युग में हर कार्य इसी से हो रहा है। लेकिन डाकघर का अपना कोई मकान नहीं होने के कारण हितग्राहियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण लम्बे इंतजार के बाद ही उनका काम हो पाता है। इसी क्रम में सम्पूर्ण ग्रामीणों का कार्य पटवारी से होता है। लेकिन पटवारी कार्यालय ग्राम में नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज पर्यन्त पटवारी कार्यालय नहीं होने से जनता को भारी परेशानी भोगना पड़ता है। पटवारी का एक निश्चित समय नहीं होता वह कब आता है कब जाता है कोई नहीं जानता फोन लगाने पर कभी छुरा बताता है कभी अमुक जगह हूं करके बताता है। अभी वर्तमान में विद्यार्थियों का खाता खुलवाना है लेकिन पटवारी के नहीं रहने से काम नहीं हो पा रहा है। इस गम्भीर समस्या का त्वरीत निराकरण करनें की अति आवश्यक है।

■ समस्या का निराकरण करना अति आवश्यक

# पूर्व सरपंच स्व. बहुर सिंह दीवान को उप सरपंच संघ ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छुरा ब्लॉक के करकरा ग्राम पंचायत के सरपंच रहे स्वर्गीय बहुर सिंह दीवान के निधन पर छुरा ब्लॉक उप सरपंच संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया। आज आदिवासी सामाजिक भवन में आयोजित उप सरपंच संघ की बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने स्व. दीवान की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में वक्ताओं ने स्व. बहुर सिंह दीवान को एक कर्मठ, मिलनसार एवं आदिवासी समाज के हितों के लिए सदैव संघर्षरत जनप्रतिनिधि बताया। उन्होंने कहा कि स्व. दीवान ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत और क्षेत्र के विकास के लिए



उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। उप सरपंच संघ ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर छुरा ब्लॉक उप सरपंच संघ के पदाधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायतों के उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजली में मानस यज्ञ शोभायात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

परम पूज्य सद्गुरु अनंत विभूषित श्री 1008 बम्हलिन सिया भुनेश्वरी शरण व्यास की पद चिन्ह पर चलते पुरे क्षेत्र में चतुर्भुज आश्रम सिरकट्टी धाम के संचालन संत गोवर्धन शरण व्यास के मार्गदर्शन व सानिध्य में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा लिए गए गोद ग्रामग्राम बिजली में पांच दिवसीय रामचरितमानस महायज्ञ का आयोजन 15 से 19 जनवरी तक सितला मंदिर प्रांगण में रखा गया है। 15 जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा से पूर्व विद्वान पंडितों ने गणेश पूजन और कलश पूजन कर गाजे-बाजे के साथ यात्रा को रवाना किया। महिलाएं, युवतियां नन्हे बालिकाएं सिर पर मंगल कलश रखकर गांव



के मुख्य मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। गोवर्धन शरण महाराज के शिष्य के पावन सानिध्य में इसकी शुरुआत हुई।महात्मा की उपस्थिति में भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इन पांच दिनों में जिसमें मानवता के शाश्वत संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए श्री रामचरितमानस के विभिन्न पात्रों के चरित्र-चित्रण के माध्यम से समाज में नैतिक मानवीय मूल्यों की प्रतिष्ठा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा रामचरितमानस जीवन का सार है। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पूरे जीवन का विवरण है।इसी कार्यक्रम स्थल में 16 जनवरी को निषाद राज गुहा जयंती मनाई जाएगी। जनपद सभापति नंदू यादव,सरपंच पद्मा निषाद, जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोती निषाद, ग्राम अध्यक्ष, पटेल ने कहा की यज्ञ के समापन अवसर 19 जनवरी सोमवार को शोभायात्रा, पूर्णाहूति का कार्यक्रम होगा। 15 जनवरी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह, 16 जनवरी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू, 17 जनवरी को पूर्व विधायक अमितेष शुक्ला एवं 18 जनवरी के कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चैधरी पति ओमप्रकाश चौधरी मुख्य अतिथि रहेगी। अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू,कृपा निषाद, ठाकुर राम लछ्छी, नेथराम, उदय यादव, दौलत, गजेन्द्र, दयाराम, भय्या राम,राजु सिन्हा,तोषण पटेल लीला ग्रामीणों ने अंचल के श्रद्धालुजनों, क्षेत्रीय ग्रामीणों, आमंत्रित जनों आदि से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

